भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-100
सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

नौकरी छूटने की वजह से वापस घरों को पलायन

100. श्री सु॰ थिरुनवुक्कासरः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश में कोविड-19 महामारी फैलने से असंगठित क्षेत्र में कई लाख मजदूरों के नौकरी छूटने की वजह से वापस अपने घर पलायन करने की जानकारी है जिससे गरीब मजदूर वर्ग सड़क पर आ गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में उक्त प्रवृत्ति को रोकने और श्रमिक वर्ग के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ङ): कोरोना वायरस (कोविड-19) के वैश्विक फैलाव और फिर लगने वाले लॉकडाउन ने भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। कोविड-19 के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार अपने मूल निवास स्थानों पर वापस जा रहे हैं तथा इस अवधि के दौरान भारत में रोजगार की हानि भी देखी गई है। सरकार ने स्थानीय स्तरों पर रोजगार सृजित करने हेतु पहल की हैं तथा प्रवासी कामगारों की प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना, आत्मनिर्भर भारत एवं प्रधान मंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान के माध्यम से सहायता कर रही है। आत्मनिर्भर भारत अर्थव्यवस्था, अव-संरचना, व्यवस्था, व्यवस्थापूर्ण जनसांख्यिकी एवं मांग पर आधारित है जिससे युवाओं हेतु रोजगार सृजित हो। इसमें देश में रोजगार अवसरों के सृजन को सुकर बनाने हेतु 20 लाख करोड़ रु. का आर्थिक पैकेज शामिल है।

पीएमजीकेवाई के तहत, अनाज प्रदान करने के अतिरिक्त, लाभार्थियों के खातों में सीधे ही अनुग्रह-पूर्वक अनुदान भुगतान, कुछ प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे कर्मचारियों हेतु ईपीएफ अंशदान भी सरकार द्वारा किया गया जिससे कि उद्योग विशेषकर एममएसएमई क्षेत्र को सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, एमजी नरेगा के तहत वेतन को 182 रु. प्रति दिन से बढ़ाकर 202 रु. किया गया है जिससे 13.62 करोड़ परिवारों को लाभ मिला है।

प्रधान मंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान (पीएमजीकेआरए) के तहत भारत सरकार ने स्थानीय रोजगार अवसरों विशेषकर प्रवासी लौटने वालों को प्रदान करने के लिए ग्रामीण अवसंरचना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इसमें 50,000 करोड़ रु. के संसाधन आवृत के साथ 6 राज्यों के 116 जिले शामिल हैं जिसका ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 125 दिवसों के मिशन मोड़ अभियान में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

सरकार ने अवसंरचना लॉजिस्टिक्स, क्षमता निर्माण, कृषि, मत्स्य एवं खादय प्रसस्करण क्षेत्रों हेतु शासन एवं प्रशासनिक सुधारों को सुदृढ़ करने के लिए उपायों की भी घोषणा की है।

भारत सरकार ने लगभग 50 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को फिर से उनका व्यापार शुरू करने के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए 10,000/-रु. तक का गारंटी मुक्त कार्यकारी पूंजीगत ऋण प्रदान करने को सरल बनाने के लिए प्रधान मंत्री स्व-निधि योजना आरंभ की है।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-112
सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

बेरोजगार युवाओं की समस्याएं

112. कुमारी राम्या हरिदासः
एडवोकेट अदूर प्रकाशः
श्रीमती पूनम महाजनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कोविड-19 महामारी के कारण देश में बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की जानकारी है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कुल कितने लोग बेरोजगार हुए हैं;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा बेरोजगारी की स्थिति से निपटने के लिए राज्यों विशेषकर केरल, महाराष्ट्र को कितनी सहायता प्रदान की गई है;

(घ) क्या सरकार ने कोविड-19 संकट के कारण देश में रोजगार छूटने का कोई आकलन किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग) कोरोना वायरस (कोविड-19) के वैश्विक फैलाव और फिर लगने वाले लॉकडाउन ने भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश कोविड-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों एवं खतरों का सामना करने के लिए पूर्णतया तैयार है सरकार अनेक कदम उठा रही है। आत्मनिर्भर भारत युवाओं हेतु रोजगार सृजित करने के लिए अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, व्यवस्था, व्यावसायिक जनसांख्यिकी एवं मांग पर ध्यान केंद्रीत करता है।

कोविड-19 फैलाव के परिणामस्वरूप गांवों से लौटने वाले प्रवासी कामगारों हेतु रोजगार एवं आजीविका अवसरों को बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने 20 जून, 2020 को गरीब कल्याण रोजगार अभियान प्रारंभ किया है। अभियान में ग्रामीण अवसंरचना का विकास करने एवं गांवों में इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं प्रदान कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ग्रामीण प्रवासी श्रम को घर के निकट कार्य में सहायता के लिए कौशल मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में 50,000 करोड़ रु. के संसाधन आवृत से 6 राज्यो के 116 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने तथा अवसंरचना सृजित करने के लिए 25 लक्ष्य प्रेरित कार्या का सघन एवं संकेन्द्रित कार्यान्वयन शामिल हैं।

सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीए), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश भर में चार वर्षों अर्थात् 2016-2020 के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) एवं पूर्व सीखने को मान्यता (आरपीएल) के तहत एक करोड़ व्यक्तियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक फ्लैगशीप योजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है।

(घ) एवं (ङ): जी नहीं।

*****

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 183

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

पत्रकारों के वेतन भत्ते सहित कामकाजी स्थितियां

183. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

डॉ. सुजय विखे पाटील:

श्री हेमन्त पाटिल:

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पत्रकारों के वेतन, भत्तों आदि सहित कामकाजी स्थितियों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा देशभर में इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई है;

(ग) क्या प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के व्यक्ति और पत्रकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, भविष्य निधि, ईएसआई पेंशन योजना (एस) और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत कवर किए जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): श्रमजीवी पत्रकार एवं अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा शर्तें) तथा प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1955 के दायरे में अन्य बातों के साथ-साथ, श्रमजीवी पत्रकारों के नियोजन की शर्तें भी शामिल हैं ताकि श्रमजीवी पत्रकारों तथा गैर-पत्रकार समाचार पत्र कर्मचारियों की सेवा-शर्तों में सुधार तथा विनियमन किया जा सके।

श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम में कार्य के घंटों, अवकाश निर्धारण तथा वेतन की दरों में संशोधन, जिनमें वेतन बोर्ड का गठन भी शामिल है, के मुद्दों का समाधान किया गया है। श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम में इस प्रकार स्थापित बोर्ड द्वारा अपनी सिफारिशें प्रदान करना तथा बोर्ड की

शक्तियों एवं कार्यवाही को परिभाषित करना भी उपबंधित है। यह अधिनियम केंद्र सरकार को वेतन बोर्ड की सिफारिशों को प्रवर्तित करने की शक्तियां भी प्रदान करता है।

सिफारिशों के कार्यान्वयन का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों का है। राज्य सरकारों के उत्तरदायित्व में विशेष प्रकोष्ठों का निर्माण, वेतन बोर्ड की सिफारिशों के कार्यान्वयन की प्रगति को देखना, मंत्रालय को तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजना तथा वेतन बोर्डों की सिफारिशों के तीव्र एवं तत्काल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु राज्य श्रम प्रवर्तन तंत्र को दुरुस्त रखना शामिल है। राज्यों द्वारा वेतन बोर्ड की सिफारिशों के कार्यान्वयन का अनुवीक्षण करने हेतु मंत्रालय में केंद्रीय स्तर पर एक अनुवीक्षण समिति है।

(ग) और (घ): निजी क्षेत्र के समाचार पत्र प्रतिष्ठान तथा इलैक्ट्रॉनिक मीडिया कंपनी कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी इस अधिनियम के उपबंधों तथा इनके तहत निर्मित योजनाओं के अंतर्गत भविष्य निधि, पेंशन तथा निक्षेप संबद्ध बीमा के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभों के पात्र हैं। इसके अलावा, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग और पत्रकार, जो 21000/- रुपये प्रति माह वेतन के रूप में प्राप्त कर रहे हैं और ईएसआई अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कवर किए गए इकाइयों/ प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, वे अधिनियम के तहत कवर करने योग्य हैं। कवरेज के बाद, बीमित व्यक्ति अपनी पात्रता के अनुसार अधिनियम के अंतर्गत उपबंधित लाभों का लाभ उठाने हेतु पात्र हैं।

इसके अतिरिक्त, सूचना और प्रसारण मंत्रालय पत्रकारों या उनके परिवारों को अत्यधिक कठिनाई या पत्रकारों की मृत्यु के कारण और उन पत्रकारों को भी जो स्थायी विकलांगता, बड़ी बीमारी और दुर्घटनाओं की हालत में गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती होने के मामले में तत्काल आधार पर एक समय की अनुग्रह राहत प्रदान करने हेतु "पत्रकार कल्याण योजना" लागू करता है।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 190

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

भविष्य निधि से निकाली गई कुल राशि

190. श्री सुधीर गुप्ता:
श्री बैन्नी बेहनन:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री बिद्रयुत बरन महतो:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कोविड-19 महामारी के कारण श्रमिकों की खराब हालत के बारे में जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस अवधि के दौरान सरकार द्वारा सहायता प्रदान कर की गई पहल का ब्यौरा क्या है;
(ग) आज की तिथि तक कोविड-19 महामारी के लिए लॉकडाउन अवधि के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि से राज्य-वार कुल कितनी राशि निकाली गई है;
(घ) देश में और अधिक रोजगार सृजित करके श्रमिकों की सहायता हेतु सरकार द्वारा और क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और
(ङ) क्या सरकार भविष्य निधि के दायरे में आने वाले कर्मचारियों के लिए कोई अन्य सामाजिक सुरक्षा उपायों की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): वैश्विक महामारी, कोविड - 19 के कारण होने वाले आर्थिक व्यवधान के फलस्वरूप श्रमिकों द्वारा सामना की रही कठिनाइयों की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) और आत्म निर्भर भारत के भाग के रूप में कई पहलें की गई हैं जिनमें अन्य के साथ - साथ निम्नलिखित शामिल हैं: (i) भारत सरकार द्वारा वेसे सभी प्रतिष्ठानों, जिनमें 100 तक कर्मचारी कार्यरत हैं और ऐसे कर्मचारियों में से 90% कर्मचारियों का मासिक वेतन 15000/- रूपये से कम है, के लिए मार्च से अगस्त, 2020 तक छः वेतन

जारी–2/--

माहों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में नियोक्ताओं के 12% अंशदान और कर्मचारियों के 12%अंशदान अर्थात कुल 24% अंशदान का भुगतान; (ii) मई, जून और जुलाई, 2020 के वेतन माहों के लिए भविष्य निधि अंशदान को वेतन के 12% से घटाकर 10% करना ; (iii) ईपीएफ योजना, 1952 में संशोधन करके भविष्य निधि से कोविड अग्रिम जिसे वापस नहीं किया जाना है; (iv) विवरणियां फाइल करने की तारीख को आगे बढ़ाना;(v) कामगारों/ कर्मचारियों के परेशानी में होने संबंधी कॉलों का तत्परता पूर्वक देने और उन्हें अस्थायी आश्रय गृहों में सहायता करने के लिए भी परामर्शिका जारी करना; (vi) भवन और अन्य सन्निर्माण कामगारों (बीओसीडब्ल्यू) की उप कर निधि का ग कोविड- 19 के प्रकोप के कारण प्रभावित सन्निर्माण कामकारों के बैंक खाते में प्रयाप्त धनराशि अंतरित करने के लिए उपयोग करना; (vii) कर्मचारियों और कामगारों को बर्खास्त न करके और उनका वेतन नहीं काटकर सहायता करना; और (viii) कोविड-19 को फेलने से रोकने के लिए निवारक उपाय करना।

(ग): 25.03.2020 से 31.08.2020 तक वैश्विक महामारी, कोविड - 19 के कारण लॉकडाउन की अवधि के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि से निकाली गई धनराशि की कुल मात्रा के राज्यवार ब्योरे को दर्शाता विवरण अनुबंध - क पर दिया गया है।

(घ): सरकार ने देश में रोजगार सृजन के लिए कई कदम उठाए हैं जैसे - अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना, भारी निवेश वाली विभिन्न प्रयोजनाओं की फास्ट ट्रेकिंग और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पंडित दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय कैरियर सेवा, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना जैसी योजनाओं पर सर्वजनिक व्यय को बढ़ावा देना।

(ड.): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

* ****

अनुबंध क

भविष्य निधि से निकाली गई कुल राशि के संबंध में श्री सुधीर गुप्ता, श्री बैन्नी बेहनन, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री बिद्रयुत बरन महतो और श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक द्वारा पूछे जाने वाले आतारांकित प्रश्न190 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	राज्य/संघ - राज्य क्षेत्र का नाम	**25.03.2020 से 31.08.2020 तक निकाली गई धनराशि (करोड़ रूपये में)**
1	आंध्र प्रदेश	1,232.48
2	असम और अन्य उत्तर पूर्व के राज्य	227.15
3	बिहार	309.95
4	चंडीगढ़	506.73
5	छत्तीसगढ	402.59
6	दिल्ली	2,940.97
7	गोवा	184.27
8	गुजरात (दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव सहित)	2,115.17
9	हरियाणा	2,220.82
10	हिमाचल प्रदेश	267.55
11	जम्मू और कश्मीर और लद्दाख	0.44
12	झारखंड	294.03
13	कर्नाटक	5,743.96
14	केरल (लक्षदीव सहित)	1,288.09
15	मध्य प्रदेश	941.30
16	महाराष्ट्र	7,837.85
17	ओडिशा	512.64
18	पंजाब	642.93
19	राजस्थान	868.40
20	तमिलनाडु (पुडुचेरी सहित)	4,984.51
21	तेलंगाना	2,619.39
22	उत्तर प्रदेश	1,613.03
23	उत्तराखंड	398.79
24	पश्चिम बंगाल (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित)	1,249.90
कुल		**39,402.94**

*****

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 192
(जिसका उत्तर सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है।)

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज

192. डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः
श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों को बुनियादी सुविधएं प्राप्त करने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोविड-19 के कारण लॉकडाउन की अवधि के दौरान वे प्रभावित नहीं हों, इसके लिए प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके उद्देश्य तथा लक्ष्य क्या हैं और उक्त पैकेज के तहत कितनी वित्तीय सहायता जारी की गई है और इस पैकेज से लाभान्वित होने वाले लोगों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं कि वित्तीय सहायता समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि समाज के कमजोर/निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग के लोगों को कोविड-19 महामारी की अवधि् के दौरान सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती रहें, सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): सरकार ने कोरोना वायरस के विरुद्ध लड़ाई में सहायता के लिए गरीबों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 1.70 लाख करोड़ रु. की राहत प्रदान करने की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, नकद अंतरण के मामले में तथा अय मामलों में उचित सत्यापन के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सहायता दी गई। इसके अतिरिक्त, आर्थिक मामलों के सचिव तथा मंत्रालयों/विभागों के सचिवों की अध्यक्षता में गठित, अर्थव्यवस्था और कल्याण पर अधिकार प्राप्त समूह इस पैकेज के कार्यान्वयन की देख-रेख करता है। पैकेज के विवरण को दर्शाने वाला ब्यौरा अनुबंध-I पर है। लाभार्थियों का राज्यवार/केंद्र शासित प्रदेशवार विवरण तथा वितरित राशि अनुबंध-II (क) तथा II(ख)पर दी गई है।

(ङ) कुल 68.820 करोड़ रु. 7.9.2020 तक पीएमजीकेपी के विभिन्न घटकों के तहत पात्र व्यक्तियों को नकद अंतरण के रूप में दिये गए हैं। अब तक एनएफएसए के तहत करीब 75 करोड़ करोड़ लाभार्थियों को 178.85 लाख एमटी अनाज तथा 6.82 लाख एमटी दालें निःशुल्क वितरित की गई हैं तथा यह योजना नवंबर 2020 तक जारी रहेगी। सरकार, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) आंकड़ों के अनुसार, गरीब तथा कमजोर परिवारों (लगभग 50 करोड़

व्यक्तियों) को लगभग 10.74 करोड़ रु. दूसरी तथा तृतीयक श्रेणी की चिकित्सीय देखभाल हेतु 5 लाख रु. प्रति परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) लागू कर रही है। कोविड-19 की जांच तथा उपचार हेतु एबी-पीएमजेएवाई लाभार्थियों को प्रभावी रूप में सुरक्षा प्रदान करने के लिए "कोविड-19 का परीक्षण" तथा " कोविड-19 का उपचार" पैकेज अधिसूचित किए गए हैं। भारत रिजर्व बैंक ने भी सभी टर्म लोन पुनर्भुगतानों जैसे ऑटो, होम पर्सनल लोन ईएमआई इत्यादि पर 1 मार्च, 2020 से 31 मार्च, 2020 तक तीन माह के ईएमआई अवकाश की घोषणा की थी, जिसे आगे 31 अगस्त, 2020 तक बढ़ा दिया गया था। इसके अलावा, आत्मनिर्भर पैकेज, जिसकी घोषणा 14.05.2020 को की गई थी, के अंतर्गत 2 माह के लिए प्रवासियों हेतु निःशुल्क खाद्य अनाज आपूर्ति की सुविधा भी बढ़ा दी गई थी।

*****

दिनांक 14.09.2020 के लिए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 192 के भाग (क) से (घ) तक की उत्तर से संदर्भित विवरण।

पीएमजीकेवाई का ब्यौरा

1. सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा केंद्र में कोविड-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के लिए बीमा योजना।

लगभग 22.21 लाख लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए 50 लाख रुपये की व्यापक दुर्घटना कवर प्रदान करने हेतु दिनांक 30.03.2020 से कोविड-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक बीमा योजना शुरू की गई थी जिसमें वह सामुदायिक स्वास्थ्यकर्मियों जिन्हें कोविड-19 के मरीजों सीधे संपर्क तथा देखरेख में रहना पड़ा और जो इससे प्रभावित होने से खतरे में पड़ सकते हैं शामिल हैं। प्रारंभ में यह योजना दिनांक 30.03.2020 से 90 दिनों के लिए थी और अब इसे अगले 90 दिनों तक बढ़ाया गया है, अभूतपूर्व परिस्थिति के कारण निजी अस्पताल स्टाफ/सेवानिवृत्त/स्वयंसेवक/स्थानीय शहरी निकाय/संविदा/दैनिक मजदूरी/तदर्थ/राज्य के आउटसोर्स कर्मचारियों/केंद्रीय अस्पतालों/केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में आईआईएमएस एवं आईएनआई के स्वायत्त अस्पतालों, केंद्रीय मंत्रालयों के अस्पतालों को कोविड-19 से संबंधित जिम्मेदारियों के लिए भी तैयार किया जा सकता है। ये मामले भी योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

।।. पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना

इस योजना के अंतर्गत तीन माह अर्थात अप्रैल से जून, 2020 तक की अवधि के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (अन्त्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता गृहस्थी) के अंतर्गत शामिल सभी लाभार्थियों को प्रतिव्यक्ति प्रति माह के दर से @ 5 कि.ग्रा. खाद्यान्न की अतिरिक्त आवंटन नि:शुल्क प्रदान किया गया जिसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के अंतर्गत आने वाले लोग भी शामिल हैं। लगभग 80.96 करोड़ लाभार्थियों को लगभग 119.32 एलएमटी की खाद्यान्न आवंटित किया गया था जिसमें 46,061 करोड़ रुपये की वित्तीय निहितार्थ शामिल है। लगभग 81.09 करोड़ लाभार्थियों के लिए 2020.749 एलएमटी खाद्यान्न की अतिरिक्त आवंटन सहित इस योजना को नवम्बर 2020 (5 माह) तक बढ़ाया गया है। जिसमें 76062.11 करोड़ रुपये की खाद्य सब्सिडी शामिल है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय प्राथमिकता के अनुसार 3 महीने के लिए प्रति परिवार को @1 किलोग्राम दलहन नि.शुल्क प्रदान किया गया था। इस योजना को नवम्बर, 2020 तक बढ़ाया गया है।

।।।. किसानों को लाभ:

वर्ष 2020-21 में बकाया 2000 रुपये की पहली किस्त को फ्रंटलोड किया गया था और अप्रैल, 2020 में पीएम किसान योजना के अंतर्गत उसका भुगतान किया गया। जिसमें 8.7 करोड़ किसान शामिल थे।

iv. नकद अंतरण

क. गरीबों का सहायता: कुल 20.40 करोड़ (लगभग) पीएमजेडीवाई महिला खाताधारकों को अगले तीन महीने के लिए प्रतिमाह 500 रुपये की अनुग्रह राशि दी गई।

ख. गैस सिलेण्डर: दिनांक 01.04.2020 से 13,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता सहित पीएमजीकेपी के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के 8 करोड़ लाभार्थियों को तीन महीने के लिए निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर प्रदान करने हेतु योजना शुरू की गई थी। सिलेण्डर खरीदने के लिए नकद अग्रिम लाभार्थियों के

बैंक खाते में अंतरित किया गया था। इस योजना को 30 सितंबर,2020 तक उन लाभार्थियों के लिए बढ़ा दी गई है जिन्हें खाली सिलेण्डर भरने के लिए अग्रिम राशि दी गई है; परंतु 30.06.2020 तक नि:शुल्क सिलेण्डर खरीद नहीं पाए हैं। दिनांक 06.09.2020 तक की स्थिति के अनुसार इस योजना के अंतर्गत ओएमसी ने पीएमयूवाई लाभार्थियों को 1321.59 लाख रिफिल वितरित किए हैं।

ग. संगठित क्षेत्र में कम वेतन पाने वालों को सहायता:
100 से कम कर्मचारियों वाले व्यवसायों में प्रतिमाह 15000 से कम कमाने वाले, वेतन पाने वाले को उनके रोजगार में व्यवधान को कम करने के लिए अगले तीन माह के लिए उनके भविष्य निधि खाते में मासिक वेतन का चौबीस (24) प्रतिशत प्रदान किया गया है। इस योजना को अगले तीन महीने अर्थात अगस्त 2020 तक बढ़ाया गया है।

घ. वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) , विधवाओं तथा दिव्यांगजनों को सहायता: लगभग 3 करोड़ वृद्धि विधवाओं तथा दिव्यांग श्रेणी के लोगों को तीन महीने के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि प्रदान किया गया।

v. मनरेगा

1 अप्रैल, 2020 से मनरेगा मजदूरी में 20 रुपये की वृद्धि की गई थी। इस मजदूरी वृद्धि से यह अनुमान किया गया था इससे एक कर्मचारी को सालाना 2000 रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलेगा और लगभग 13.62 करोड़ परिवारों को लाभ होगा।

v. स्वयं सहायता समूह:

63 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिला संगठित के लिए सहायता नि:शुल्क ऋण की सीमा 10 से 20 लाख रुपये तक बढ़ाया गया था जिससे 6.85 करोड़ परिवारों को मदद मिली।

Vi. पीएम गरीब कल्याण पैकेज के अन्य घटक:

क. संगठित क्षेत्र: वैश्विक महामारी के कारण कर्मचारी भविष्य निधि विनियमों में संशोधन किया गया ताकि उनके खाते से राशि की 75 प्रतिशत गैर-वापसी अग्रिम अथवा 3 महीने का वेतन जो भी कम हो, निकालने की अनुमति दी जा सके। ईपीएफ के तहत पंजीकृत 4 करोड़ श्रमिकों के परिवार इस विंडों का लाभ उठा सकते हैं।

ख. भवन तथा अन्य निर्माण से संबंधित कर्मचारी कल्याण निधि: केंद्र सरकार अधिनियम के अंतर्गत भवन तथा अन्य निर्माण से संबंधित कर्मचारियों के लिए कल्याण निधि बनाया गया है। इस निधि में लगभग 3.5 करोड़ पंजीकृत कर्मचारी हैं। राज्य सरकारों को आर्थिक अवरोध से बचने के लिए इन कर्मचारियों की सहायता तथा समर्थन के लिए इस निधि का उपयोग हेतु निदेश दिया गया था।

ग. जिला खनिज निधि: राज्य सरकारों को कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रसार को रोकने के साथ-साथ इस वैश्विक महामारी से प्रभावित मरीजों की ईलाज से संबंधित चिकित्सा परीक्षण, स्क्रीनिंग तथा अन्य आवश्यकताओं के पूरक और संबंधित सुविधाओं के लिए जिला खनिज निधि (डीएमएफ) के तहत उपलब्ध निधि का उपयोग करने के लिए कहा गया था।

अनुबंद-II (क)

14.09.2020 के लिए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न नं. **192** के भाग का (क) से (घ) के उत्तर से संदर्भित विवरण

		कोविड-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए बीमा योजना		प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना - एनएफएसए के तहत पहचाने जाने वाले व्यक्तियों की संख्या (लाख में) - प्रति माह वितरण के लिए (अप्रैल से नवंबर 2017)	लाभार्थियों को खाद्यान्न का कुल वितरण (मीट्रिक में) अप्रैल 2020 से 7.9.2020 तक	दलहन- एनएफएसए के तहत पहचाने जाने वाले व्यक्तियों की संख्या (लाख में) - प्रति माह वितरण के लिए (अप्रैल से नवंबर 2020)	राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों (मीट्रिक टन में) द्वारा वितरित दलहन की मात्रा- अप्रैल 2020 से 7.9.2020 तक	सौंपे गए सिलेंडर की संख्या - पीएमयूवाई अप्रैल '20	सौंपे गए सिलेंडर की संख्या - पीएमयूवाई मई '20	सौंपे गए सिलेंडर की संख्या - पीएमयूवाई जून '20
सं.	राज्य	दावा खारिज कर दिया	भुगतान की गई राशि	कुल (एएवाई एण्ड पीएचएच)						
1.	अंडमान एवं निकोवार दीव समूह			0.61	1342	0.16	49.05	9,591	7,294	4,533
2.	आन्ध्र प्रदेश	3	1500000	268.23	635928.54	90.28	45018.62	2,72,179	2,15,405	1,74,373
3.	अरूणाचल प्रदेश	1	500000	8.21	17215.42	1.77	571.561	28,831	24,731	16,600
4.	असम	2	1000000	251.53	506098.035	57.96	19614.09	14,44,011	15,34,863	10,39,012
5.	बिहार	1	500000	857.12	1727839.033	168.85	54228.87	49,67,319	45,10,211	39,49,870
6.	चंडीगढ़			2.75	3793.04	0.64	228.43	93	95	77

7.	छत्तीसगढ़			200.77	506390.755	51.5	22616.74	11,92,348	9,16,589	7,32,245
8.	दादरा एवं नागर हवेली दमन एवं दीव			1.73- D & NH- KIND 0.36 – D& NH- CASH DAMAN & DIU- 0.76	6312.902	0.65	391.44	8,137	5,029	3,871
9.	दिल्ली	1	500000	72.73	166963.0656	17.54	6033.64	77,853	70,885	62,986
10.	गोवा			5.32	13011.507	1.43	644.103	806	519	569
11.	गुजरात	8	4000000	382.54	801111.37	65.63	20090.95	15,38,689	12,28,084	12,18,267
12.	हरियाणा			126.49	285128.669	27	10916	5,53,359	5,40,807	3,86,756
13.	हिमाचल प्रदेश			28.64	63592.905	6.84	3276.5	1,11,235	1,07,648	77,815
14.	जम्मू एवं कश्मीर			72.05	169195.6	16.45	8984.09	6,22,988	7,01,755	3,85,158
15.	झारखंड			263.70	515408.688	57.12	24040.22	15,87,777	13,94,718	10,88,969
16.	कर्नाटक	3	1500000	401.93	977417.15	127.23	38168.19	18,66,059	15,00,307	13,86,662
17.	केरल	3	1500000	154.80	366701.602	37.38	12609.49	1,77,104	1,39,817	1,24,475
18.	लद्दाख			1.44	2505	0.29	87.65	7,561	5,662	4,817
19.	लक्ष्यदीप			0.22	453.12	0.05156	20.18	172	115	104
20.	मध्य प्रदेश	1	500000	546.42	1062037.658	116.85	42791.4	30,77,273	27,68,146	24,12,767
21.	महाराष्ट्र	12	6000000	700.17	1535041.139	167.05	40024.13	22,62,807	23,13,521	21,96,232
22.	मणिपुर			24.57	61346.86	5.88	2131.416	68,061	89,769	84,433
23.	मेघालय			21.46	51401	4.22	1722.802	43,323	57,410	39,297
24.	मिजोरम			6.68	15351.881	1.55	807.261	24,281	15,138	17,885
25.	नागालैंड			14.05	33585.086	2.85	1660.849	21,397	30,801	20,408
26.	उड़ीसा			323.60	748141.347	92.85	40335.4	26,58,543	23,17,299	19,04,076
27.	पुद्दुचेरी			6.28	9142.06	1.79	535.5	11,075	10,845	8,118
28.	पंजाब	1	500000	141.45	199011.3	35.96	10643.24	8,93,383	8,59,735	7,03,453
29.	राजस्थान			446.62	1159894.144	111.85	36331.41	34,68,116	27,98,019	24,29,451
30.	सिक्किम			3.79	6852.625	0.94	317.964	8,311	8,499	6,376
31.	तमिलनाडू	2	1000000	357.34	829049.154	111.08	33323.76	21,47,315	16,80,938	14,47,941
32.	तेलंगाना	2	1000000	191.62	481824.113	53.29	14144.38	6,05,719	4,96,386	3,54,565
33.	त्रिपुरा			24.83	62051.427	9.2	1942.245	1,33,412	1,16,650	1,16,781
34.	उत्तर प्रदेश	5	2500000	1520.59	3498398.415	352.45	139634.3	93,87,841	81,09,525	72,48,732
35.	उत्तराखंड			61.96	145939.01	13.46	5544.27	2,74,286	2,35,709	2,12,070
36.	पश्चिम बंगाल	1	500000	601.84	1219345.34	145.29	42058	57,51,508	51,34,833	47,49,938
	कुल	**50**	**25,000,000**	**8095.19**	17884820.96	**1,955**	681538.2	**4,53,02,763**	**3,99,47,757**	**3,46,09,682**

*****

अनुबंध-II (ख)

14.09.2020 के लिए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न नं.192 के भाग का (क) से (घ) के उत्तर से संदर्भित विवरण

		पीएम किसान		पीएमजेडीवाई				राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम एनएसएपी		इमारत एवं निर्माण निधि बीओसीडब्ल्यू			ईपीएफओ आहरण		ईपीएफ योगदान 24 प्रतिशत							डीएमएफ
सं.	राज्य	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)	खातों की सं. जिसमें 500 रु. डाले गए (अप्रैल)	खातों की सं. जिसमें 500 रु. डाले गए (मई)	खातों की सं. जिसमें 500 रु. डाले गए (जून)	अप्रैल से जून तक कुल हस्तांतरित राशि	कुल लाभार्थियों की सं. अप्रैल और मई	500 रु. की दी गई राशि (लाख में, अप्रैल और मई)	पहचाने गए लाभार्थी (पहली किस्त)	पहचाने गए लाभार्थी (दूसरी किस्त)	कुल राशि (लाख में)	लाभार्थी	राशि (लाख में)	लाभार्थी (मार्च)	लाभार्थी (अप्रैल)	लाभार्थी (मई)	लाभार्थी (जून)	लाभार्थी जुलाई	लाभार्थी (अगस्त)	कुल अंतरित राशि लाख में मार्च से अगस्त	कोविड-19 से संबंधित गतिविधियों पर व्यय राशि (करोड़ में)
1.	अंडमान एवं निकोबार दीव समूह	10677	213.54	23064	29457	29449	409.85	5928	59.28	11014	5375	491.67	484	161.77281	1841	1749	1643	1488	913	90	159.97	-
2.	आन्ध्र प्रदेश	4695820	93916.4	6013565	7191392	7190292	101976.245	932661	9326.61	1967484	0	19674.84	108567	30485.43907	153300	158283	151372	146792	133535	7318	11325.18	100.43
3.	अरूणाचल प्रदेश	66323	1326.46	180119	187968	187888	2779.875	34139	341.39	3000	0	60		0							0.00	-
4.	असम	1861715	37234.3	9534385	9649421	9648441	144161.235	840984	8409.84	270000	0	2700	11203	2777.23109	7160	7499	7370	6763	5619	477	510.57	0.65
5.	बिहार	5899824	117996.48	23315732	24380254	24372302	360341.44	3664811	36648.11	0	0	0	40567	7602.82911	52951	54805	53798	51197	44947	2333	3993.25	0
6.	चंडीगढ़	429	8.58	110537	111245	111152	1664.67	3415	34.15	6670	0	400.2	39886	8632.31454	23322	20897	22073	21409	20084	1182	1892.67	-
7.	छत्तीसगढ़	2167441	43348.82	7857012	8062757	8062722	119912.455	852275	8522.75	0	0	0	46119	8660.04503	76268	78444	75723	72665	68033	3206	5995.94	4.36
8.	दादरा एवं नागर हवेली	10150	203	52817	53691	53681	800.945	9588	95.88	0	0	0		0							0.00	
9.	दमन एवं दीव	3381	67.62	17387	17475	17473	261.675	1376	13.76	0	0	0		0							0.00	-
10.	दिल्ली	12075	241.5	2030271	2036383	2036535	30515.945	156436	1564.36	39600	39600	3960	295243	73596.16266	39830	36793	36868	34673	30943	1233	3530.06	-
11.	गोवा	7854	157.08	69987	70389	70365	1053.705	2061	20.61	5117	0	307.02	12169	3107.29107	17876	15988	15259	14491	13792	381	1318.55	22
12.	गुजरात	4685062	93701.24	7108005	7266513	7265305	108199.115	688953	6889.53	483196	0	4831.96	185208	37273.44252	243172	251261	244516	242384	230145	22558	18731.51	13.08
13.	हरियाणा	1514497	30289.94	3416299	3568702	3566923	52759.62	327269	3272.69	350621	0	17531.05	209604	53039.97756	76918	64925	70265	67210	63189	2943	5957.47	0
14.	हिमाचल प्रदेश	870609	17412.18	584184	667491	667262	9594.685	111863	1118.63	120265	126039	4926.08	17216	3507.58231	43424	41484	42402	42550	40546	1477	3308.08	0.43
15.	जम्मू एण्ड काश्मीर	920451	18409.02	1049256	1064015	1062263	15877.67	143289	1432.89	155975	0	4679.25	187	17.82763	23836	21959	21844	21586	19224	2594	1742.92	-
			0				0	(लद्दाख को सम्मिलित करते हुए						0							0.00	-
16.	झारखंड़	1231912	24638.24	7227042	7440551	7437612	110526.025	1288850	12888.5	0	0	0	29000	5142.64934	87786	86091	83575	83130	78118	4699	7158.94	9.66
17.	कर्नाटक	4839093	96781.86	7987088	8035479	8033726	120281.465	1398410	13984.1	1362438	0	68121.9	452484	153845.1508	281634	273165	265267	257403	232202	12724	24206.08	62.13
18.	केरल	2716844	54336.88	2413289	2607463	2606513	38136.325	688329	6883.29	454124	0	4541.24	101119	31103.7267	110118	91211	99799	104292	98891	1920	8671.58	0
19.	लद्दाख	0	0	9951	10027	10392	151.85	जम्मू कश्मीर में सम्मिलित है।		जम्मू कश्मीर में सम्मिलित है।	जम्मू कश्मीर में सम्मिलित है।	0	16	1.75331	177	143	146	114	105	0	17.89	-
20.	लक्ष्यदीप	0	0	2867	2922	2920	43.545	324	3.24	520	0	32.76		0							0.00	-
21.	मध्य प्रदेश	6812020	136240.4	16622091	16786519	16783417	250960.135	2205963	22059.63	891850	0	17837	90993	18149.30407	158162	144857	134320	135658	129638	7365	10511.56	5.1
22.	महाराष्ट्र	8632718	172654.36	12947062	13152844	13151473	196256.895	1168385	11683.85	894408	0	17888.16	667817	187350.5145	418770	404866	380529	372293	346133	16493	31148.58	45.86
23.	मणिपुर	283457	5669.14	504169	523814	523622	7758.025	61972	619.72	52605	0	526.05		0							0.00	-
24.	मेघालय	115638	2312.76	268908	318894	318797	4532.995	54127	541.27	24730	0	1236.5		0	50025	54058	52551	49333	45249	5711	3315.59	-
25.	मिजोरम	69425	1388.5	58176	153791	153756	1828.615	27538	275.38	51451	0	1543.53		0							0.00	-
26.	नागालैंड	181008	3620.16	157792	167255	167204	2461.255	49210	492.1	19046	0	380.92		0							0.00	-
27.	उड़ीसा	2003185	40063.7	8121020	8520484	8518976	125802.4	2027022	20270.22	2083288	0	31249.32	40666	8771.32209	129713	133169	132889	130113	120833	6775	9822.89	61.34
28.	पुदुचेरी	9715	194.3	83926	88559	88506	1304.955	28757	287.57	0	0	0	0	0	16110	13895	14074	14095	13358	632	950.29	-
29.	पंजाब	1752498	35049.96	3322186	3375108	3373363	50353.285	140404	1404.04	289237	0	17354.22	49472	9665.65577	66008	55952	63477	60461	55427	5106	4779.19	0.65
30.	राजस्थान	5164391	103287.82	15613962	15849421	15845503	236544.43	987781	9877.81	2230000	0	55750	83903	15761.46431	120047	113479	111154	108908	101109	6315	7649.36	15.08
31.	सिक्किम	0	0	42552	43915	43908	651.875	18332	183.32	7836	0	156.72		0							0.00	
32.	तमिलनाडू	3559533	71190.66	6075989	6138375	6136949	91756.565	1814700	18147	1370601	0	27412.02	583161	158265.1997	507424	458395	476308	471998	442011	23263	32325.05	13.42
33.	तेलंगाना	3331468	66629.36	5260800	5154930	5153020	77843.75	665956	6659.56	830324	0	12454.86	241181	77656.90355	156113	156685	152357	148451	136995	6883	10159.07	0
34.	त्रिपुरा	190441	3808.82	431770	444368	444316	6602.27	138473	1384.73	39082	0	1172.46	1137	285.8338							0.00	-
35.	उत्तर प्रदेश	17675849	353516.98	31813530	32440630	32431427	483427.935	5257390	52573.9	1821520	1695490	35170.1	164511	33390.63687	190548	188671	189660	187867	177736	12618	14786.99	0.22
36.	उत्तराखंड	674688	13493.76	1267372	1335177	1335873	19692.11	215109	2151.09	228423	228423	4568.46	46150	7975.9936	38032	36608	36725	36632	34787	1794	2958.71	0.02
37.	पश्चिम बंगाल	0	0	18995377	19349032	19341332	288428.705	2132959	21329.59	2198349	0	21983.49	86684	18083.46987	329406	321645	332165	337058	317556	18739	20675.05	-
	कुल	**89454616**	**1789092.32**	**206500000**	**206296711**	**206244658**	**3095206.845**	**28145039**	**281450.39**	**18262774**	**2094927**	**378941.78**	**3604747**	**954311.4937**	**3419971**	**3286977**	**3268129**	**3221014**	**3001118**	**176829**	**247602.98**	**354.42**

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 221

सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

कम मजदूरी अर्जित करने वाले

221. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:
श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ईपीएफओ के अंतर्गत 74 प्रतिशत दावेदार कम मजदूरी अर्जित वाले या 15000 रुपये प्रति महीने से कम कमाने वाले हैं;
(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान उनके खातों का समय पर निपटान करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): जी हां। दावेदारों का ब्यौरा, जो 15000 रुपये प्रति माह से कम कमाते हैं अनुबंध क पर है।

(ग): सरकार ने दिनांक 27.03.2020 की अधिसूचना संख्या जी एस आर 225 (ई) के माध्यम से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना, 1952 के पैरा 68 एल के तहत सम्मिलित उप-पैरा (3) में महामारी या वैश्विक महामारी की स्थिति में ईपीएफ सदस्यों को गैर-वापसी योग्य अग्रिम राशि जो उनकी तीन महीने की मूल मजदूरी और महंगाई भत्ते से अधिक न हो या सदस्य के ईपीएफ खाते में राशि के 75 प्रतिशत तक, जो भी कम हो, प्रदान करने का प्रावधान किया है।

अभिदाताओं को ऑनलाइन दावे प्रस्तुत करने की सुविधा दी गई थी और ईपीएफओ की सेवाओं को भी भारत सरकार के उमंग ऐपलीकेशन के माध्यम से एकीकृत कर पेश किया गया है। अभिदाताओं को संपूर्ण भुगतान इलेक्ट्रॉनिक रूप से नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर प्रणाली (एनईएफटी) के माध्यम से किया जाता है।

* *****

अनुबंध-'क'

कम मजदूरी अर्जित करने वाले के संबंध में श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ: श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी: द्वारा दिनांक 14.9.2020 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 221 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

क्र.सं.	राज्य / संघ-राज्य क्षेत्र का नाम	कुल दावों का निपटान	14,999 रूपये तक के वेतन के दावों का निपटान
1	आंध्र प्रदेश	312,457	250,802
2	असम और अन्य उत्तर पूर्व के राज्य	46,862	36,008
3	बिहार	112,504	95,373
4	चंडीगढ़	126,958	103,813
5	छत्तीसगढ	134,134	116,915
6	दिल्ली	888,874	682,361
7	गोवा	40,545	33,681
8	गुजरात (दादरा एवं नागर हवेली और दमन दीव सहित)	642,259	549,759
9	हरियाणा	666,122	551,117
10	हिमाचल प्रदेश	71,751	62,028
11	जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख	416	309
12	झारखंड	104,632	91,579
13	कर्नाटक	1,297,003	950,056
14	केरल (लक्षद्वीप सहित)	263,012	190,626
15	मध्य प्रदेश	294,653	255,605
16	महाराष्ट्र	1,825,601	1,369,050
17	ओडिशा	136,016	107,466
18	पंजाब	188,230	166,923
19	राजस्थान	272,464	236,350
20	तमिलनाडु (पुडुचेरी सहित)	1,387,883	1,070,194
21	तेलंगाना	620,450	445,594
22	उत्तर प्रदेश	508,222	428,678
23	उत्तराखंड	167,282	149,484
24	पश्चिम बंगाल (अंडमान और निकोबार द्वीप सहित)	296,721	247,964
कुल		10,405,051	8,191, 735

****

भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 646
जिसका उत्तर बुधवार, 16 सितम्बर, 2020 को दिया जाना है

न्यायिक पैनल

646. श्री उपेन्द्र सिंह रावत :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों• और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकार द्वारा स्थापित न्यायिक पैनलों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उपरोक्त में से कितने पैनलों ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है ;

(ग) सरकार द्वारा उक्त पर क्या कार्रवाई की गई है ; और

(घ) शेष पैनलों द्वारा किस समय तक सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है ?

उत्तर

विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (घ) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1162

शनिवार 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)

कामगारों के लिए पैकेज

1162. श्री अनुराग शर्मा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ऐसे कामगारों के लिए एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा पैकेज देने की योजना बना रही है जो अपने निजी नियोक्ताओं की दया पर निर्भर हैं और इनमें से अधिकांश कोरोना संक्रमण के बाद बेरोजगार हो गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस तरह के पैकेज की प्रविधि क्या है और इसे आरंभ करने की रूपरेखा क्या है क्योंकि इसके लाभार्थियों की संख्या हमारी जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा होगी?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अटल बीमित व्यक्ति योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति (आईपी) जो बेरोजगार हो गए हैं, को 90 दिनों तक के लिए नकद प्रतिकर के रूप में राहत प्रदान करता है, बशर्ते कि वे दो वर्ष की बीमायोग्य रोज़गार पूरा किया हो और लगातार चार अंशदान अवधि में से प्रत्येक में 78 दिनों से अधिक का अंशदान किया हो।

कोविड-19 महामारी के दौरान बेरोजगार हुए बीमित व्यक्ति को राहत देने के लिए, ईएसआईसी ने लाभ की परिमाण में वृद्धि की है और इस योजना की पात्रता की शर्त को 24.03.2020 से 31.12.2020 तक की अवधि हेतु छुट दी है:-

1. पूर्व में प्रति दिन अर्जित औसतन आय के 25% की तुलना में बेरोज़गारी के अधिकतम 90 दिनों तक भुगतान किए जाने वाले औसतन प्रति दिन अर्जित आय का 50% की सीमा तक राहत।

2. बीमित व्यक्ति अपनी बेरोजगारी से पूर्व दो वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए बीमा योग्य रोजगार में होना चाहिए और बेरोजगारी से पूर्व तत्काल अंशदान की अवधि में 78 दिनों से अधिक अंशदान किया हो और बेरोजगारी से पूर्व दो वर्षों में शेष तीन अंशदान अवधि में से एक में न्यूनतम 78

जारी---2/-

3. दिन का अंशदान किया हो। पूर्व में इस योजना के तहत राहत पाने के लिए बीमित व्यक्ति को बेरोजगार होने से पूर्व 4 अंशदान अवधि में न्यूनतम 78 दिनों का अंशदान किया हो ।

4. दावा बेरोजगारी की तारीख के 30 दिन बाद देय होगा जैसा कि पूर्व में 90 दिन हुआ करता था।

राहत हेतु दावा www.esic.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है और बीमित व्यक्ति द्वारा विधिवत रुप से भरा निर्धारित दावा प्रपत्र सीधे शाखा कार्यालय भेजा जा सकता है। दी गई छूट दिनांक 11.09.2020 को अधिसूचित कर दी गई है।

इसके अलावा, भारत के कार्यबल पर कोविड - 19 महामारी के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) और आत्म निर्भर भारत के भाग के रूप में कई पहलें की गई हैं जिनमें अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) भारत सरकार द्वारा ऐसे सभी प्रतिष्ठानों, जिनमें 100 तक कर्मचारी कार्यरत हैं और ऐसे कर्मचारियों में से 90% कर्मचारियों का मासिक वेतन 15000/- रूपये से कम है, के लिए मार्च से अगस्त, 2020 तक छः वेतन माहों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में नियोक्ताओं के 12% अंशदान और कर्मचारियों के 12% अंशदान अर्थात कुल 24%अंशदान का भुगतान;

(ii) मई, जून और जुलाई, 2020 के वेतन माहों के लिए भविष्य निधि (पीएफ) अंशदान को वेतन के 12% से घटाकर 10% करना ;

(iii) ईपीएफ योजना, 1952 में संशोधन करके भविष्य निधि से कोविड अग्रिम जिसे वापस नहीं किया जाना है; आदिनांक, ईपीएफओ के सदस्यों द्वारा लगभग 39,000/- करोड़ रुपये की निकासी की गई है;

(iv) विवरणियां फाइल करने की तारीख को आगे बढ़ाना;

(v) कामगारों/कर्मचारियों के परेशानी में होने संबंधी कॉलों को तत्परतापूर्वक सुनने और उन्हें अस्थायी आश्रय गृहों में जाने हेतु मार्गदर्शन करने के लिए भी परामर्शिका जारी करना;

(vi) भवन और अन्य सन्निर्माण कामगार (बीओसीडब्ल्यू) उपकर निधि का कोविड-19 के प्रकोप के कारण प्रभावित सन्निर्माण कामगारों के बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि अंतरित करने के लिए उपयोग करना;

(vii) कामगारों को बर्खास्त न करने और उनका वेतन नहीं काटने के लिए नियोक्ताओं को परामर्श देना।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1182
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)

प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना

1182. श्री विनायक भाऊराव राऊतः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत चार वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में 'प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना' के अन्तर्गत लाभान्वित हुए बेरोजगार नागरिकों की संख्या कितनी है;
(ख) रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा सामाजिक सुरक्षा लाभों के साथ रोजगार का सृजन करने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2016 से प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत, भारत सरकार, 01.04.2018 से ईपीएफओ के माध्यम से नए कर्मचारियों हेतु कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) एवं कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) दोनों के लिए (समय-समय पर यथा-स्वीकार्य) 3 वर्षों हेतु नियोक्ता के संपूर्ण अंशदान अर्थात् 12% का भुगतान कर रही है। प्रतिष्ठान के माध्यम से लाभार्थी के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2019 थी। 31 मार्च, 2019 तक पंजीकृत लाभार्थियों को इस योजना के तहत पंजीकरण की तिथि से तीन सालों तक लगातार लाभ प्राप्त होगा।

पीएमआरपीवाई के तहत पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में लभान्वित श्रमिकों का ब्यौरा इस प्रकार हैः-

वित्तीय वर्ष	लभान्वित कर्मचारियों की संख्या
2016-17	**3678**
2017-18	**530166**
2018-19	**1917387**
2019-2020	**1089541**

रत्नगिरी एवं सिंधुदुर्ग जिलों सहित महाराष्ट्र राज्य के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्ष हेतु जिला-वार ब्यौरा अनुबंध में सलंग्न है।

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 19-09-2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1182 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

महाराष्ट्र का जिला-वार विवरण - पीएमआरपीवाई 2017-18			
राज्य	जिला	लाभान्वित प्रतिष्ठान	लाभान्वित कर्मचारियों
महाराष्ट्र	अहमदनगर	122	5536
महाराष्ट्र	अकोला	16	257
महाराष्ट्र	अमरावती	15	983
महाराष्ट्र	औरंगाबाद	293	13692
महाराष्ट्र	भंडारा	5	221
महाराष्ट्र	बिड	13	507
महाराष्ट्र	बुलढाणा	17	438
महाराष्ट्र	चंद्रपुर	26	369
महाराष्ट्र	धुले	20	901
महाराष्ट्र	गडचिरोली	3	46
महाराष्ट्र	गोंदिया जिला	3	45
महाराष्ट्र	हिंगोली	1	2
महाराष्ट्र	जलगांव	38	4912
महाराष्ट्र	जालना	6	173
महाराष्ट्र	कोल्हापुर	175	7928
महाराष्ट्र	लातूर	8	117
महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	3	1679
महाराष्ट्र	मुंबई शहर	595	108961
महाराष्ट्र	मुंबई उपनगर	740	222247
महाराष्ट्र	नागपुर	144	5121
महाराष्ट्र	नांदेड	10	95
महाराष्ट्र	नासिक	331	12010
महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	2	99
महाराष्ट्र	पालघर	77	1430
महाराष्ट्र	परभनी	5	423
महाराष्ट्र	पुणे	783	76774
महाराष्ट्र	रायगढ़	91	2707
महाराष्ट्र	रत्नागिरि	7	116
महाराष्ट्र	सांगली	25	286
महाराष्ट्र	सतारा	61	2108
महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग	2	35
महाराष्ट्र	सोलापुर	28	441
महाराष्ट्र	ठाणे	832	57996
महाराष्ट्र	वर्धा	10	746
महाराष्ट्र	वाशिम	1	24
महाराष्ट्र	यवतमाल	15	741
योग		4523	530166

(क) महाराष्ट्र का लिए जिला-वार विवरण - पीएमआरपीवाई 2018-19			
राज्य	जिला	लाभान्वित प्रतिष्ठान	लाभान्वित कर्मचारियों
महाराष्ट्र	जिला	357	9594
महाराष्ट्र	अहमदनगर	39	878
महाराष्ट्र	अकोला	52	3590
महाराष्ट्र	अमरावती	727	56214
महाराष्ट्र	औरंगाबाद	51	1107
महाराष्ट्र	भंडारा	47	1636
महाराष्ट्र	बिड	40	1179
महाराष्ट्र	बुलढाणा	237	5026
महाराष्ट्र	चंद्रपुर	81	3375
महाराष्ट्र	धुले	16	233
महाराष्ट्र	गडचिरोली	20	336
महाराष्ट्र	गोंदिया जिला	7	155
महाराष्ट्र	हिंगोली	113	16556
महाराष्ट्र	जलगांव	43	2480
महाराष्ट्र	जालना	661	26378
महाराष्ट्र	कोल्हापुर	34	903
महाराष्ट्र	लातूर	5	6860
महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	1759	346024
महाराष्ट्र	मुंबई शहर	2062	735038
महाराष्ट्र	मुंबई उपनगर	724	34775
महाराष्ट्र	नागपुर	54	2029
महाराष्ट्र	नांदेड	8	174
महाराष्ट्र	नासिक	963	49973
महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	21	643
महाराष्ट्र	पालघर	356	10307
महाराष्ट्र	परभनी	60	1827
महाराष्ट्र	पुणे	3514	335469
महाराष्ट्र	रायगढ़	472	17680
महाराष्ट्र	रत्नागिरि	109	2394
महाराष्ट्र	सांगली	137	3042
महाराष्ट्र	सतारा	236	8245
महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग	18	763
महाराष्ट्र	सोलापुर	246	5620
महाराष्ट्र	ठाणे	2709	221706
महाराष्ट्र	वर्धा	60	2663
महाराष्ट्र	वाशिम	3	69
महाराष्ट्र	यवतमाल	43	2446
योग		**16084**	**1917387**

(ख) महाराष्ट्र का लिए जिला-वार विवरण - पीएमआरपीवाई 2019-20			
राज्य	जिला	लाभान्वित प्रतिष्ठान	लाभान्वित कर्मचारियों
महाराष्ट्र	जिला	363	7380
महाराष्ट्र	अहमदनगर	36	669
महाराष्ट्र	अकोला	51	3063
महाराष्ट्र	अमरावती	693	28512
महाराष्ट्र	औरंगाबाद	49	833
महाराष्ट्र	भंडारा	43	1252
महाराष्ट्र	बिड	41	1056
महाराष्ट्र	बुलढाणा	213	3793
महाराष्ट्र	चंद्रपुर	81	2379
महाराष्ट्र	धुले	19	262
महाराष्ट्र	गडचिरोली	19	245
महाराष्ट्र	गोंदिया जिला	8	58
महाराष्ट्र	हिंगोली	124	8862
महाराष्ट्र	जलगांव	46	2069
महाराष्ट्र	जालना	663	17358
महाराष्ट्र	कोल्हापुर	31	787
महाराष्ट्र	लातूर	5	2606
महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	1698	199440
महाराष्ट्र	मुंबई शहर	2018	381601
महाराष्ट्र	मुंबई उपनगर	696	24057
महाराष्ट्र	नागपुर	60	1991
महाराष्ट्र	नांदेड	7	95
महाराष्ट्र	नासिक	935	31212
महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	24	618
महाराष्ट्र	पालघर	394	8494
महाराष्ट्र	परभनी	44	1116
महाराष्ट्र	पुणे	3425	186977
महाराष्ट्र	रायगढ़	475	11643
महाराष्ट्र	रत्नागिरि	120	2247
महाराष्ट्र	सांगली	140	2461
महाराष्ट्र	सतारा	231	5463
महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग	20	742
महाराष्ट्र	सोलापुर	257	4838
महाराष्ट्र	ठाणे	2658	141661
महाराष्ट्र	वर्धा	60	2058
महाराष्ट्र	वाशिम	4	73
महाराष्ट्र	यवतमाल	44	1570
योग		**15795**	**1089541**

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1188

(जिसका उत्तर शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है।)

आत्मनिर्भर भारत राहत पैकेज और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लाभार्थी

1188. श्री तेजस्वी सूर्याः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आत्मनिर्भर भारत राहत पैकेज के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या की राज्य-वार सूची क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त योजना के अन्तर्गत विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत राज्य-वार कुल कितनी सहायता राशि (स्वीकृत और प्राप्त की गई) प्रदान की गई तथा आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत सम्पूर्ण कुल कितनी सहायता प्रदान की गई;

(ग) प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या की राज्य-वार सूची क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त की विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत कुल कितनी सहायता राशि (स्वीकृत और प्राप्त की गई) प्रदान की तथा कुल कितनी सहायता प्रदान की गई?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ख): देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कई नए योजना/कार्यक्रम/नीतिगत उपायों की घोषणा की गई और मंत्रालयों/कार्यक्रम/विभाग का इन योजनाओं/कार्यक्रमों को निरूपित करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रवासियों को दो महीने की मुफ्त खाद्य अन्न एवं दाल की आपूर्ति की सुविधा और एमएसएमई से संबंधित योजनाएं अर्थात आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना आत्मनिर्भर भारत के तहत लाभार्थी उन्मुख योजना है। योजना के तहत उठाए गए लाभ का राज्यवार ब्यौरा अनुबंध-I पर है। इसके अलावा, 01.06.2020 को पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना की भी घोषणा की गई है। 24.03.2020 को या उससे पहले शहरी इलाके में बिक्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को 12 मासिक किश्तों में चुकाने योग्य 10,000 रुपए की कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने हेतु 10.09.2020 तक 3.68 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण मंजूर किया गया, जिसमें से 99,000 लाभार्थियों को ऋण बांटा जा चुका है।

(ग) से (घ): सरकार ने कोराना वायरस के खिलाफ युद्ध में उनकी सहायता के लिए गरीबों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 1.70 लाख करोड़ रु. की राहत की भी घोषणा की है, हो

सके। 7.09.2020 तक पीएमजीकेवाई के विभिन्न घटकों के तहत पात्र व्यक्तियों को 68,820 करोड़ रु. की नकद अंतरण भी प्रदान किया है। अभी तक एनएफएसए के तहत 75 करोड़ लाभार्थियों को 178.85 लाख एमटी खाद्य अन्न एवं 6.82 एमटी दाल निःशुल्क प्रदान किया है और यह योजना 2020 नवंबर तक जारी रहेगा। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना सहित पीएम गरीब कल्याण पैकेज को मंजूर किया गया एवं उठाए गए लाभ का राज्य/यूटीवार ब्यौरा **अनुबंध-II (क) और (ख)** में है।

****

19.09.2020 के लिए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1188 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संदर्भित विवरण

